पत्रिका

Jaipur Fake Paneer : जयपुर में नकली पनीर का बड़ा खेल! दूध-पनीर के 97 प्रतिशत सैम्पल में पानी, डिटर्जेंट, यूरिया की मिलावट

Jaipur Fake Paneer : राजधानी जयपुर में लोगों की थाली में परोसा जा रहा पनीर अब स्वाद से ज्यादा खतरे का कारण बनता जा रहा है। शादी समारोहों, ढाबों, रेस्तरां और फास्ट फूड सेंटरों में बड़े स्तर पर 'कृत्रिम पनीर' की खपत हो रही है। शहर में ही मार्च-अप्रेल में 700 से 1000 किलो तक नकली पनीर की कई खेप पकड़ी गई हैं। 2025-26 के आंकड़ों के अनुसार, दूध और पनीर के नमूनों में 97 प्रतिशत तक मिलावट पानी, डिटर्जेंट और यूरिया की पाई गई है।

जयपुर में पनीर की सैकड़ों अवैध यूनिट हैं। पिछले साल स्वास्थ्य विभाग ने राज्यभर में 3,915 से अधिक कानूनी मामले दर्ज किए। इनमें पनीर सहित दूध उत्पादों के हजारों नमूनों का परीक्षण किया गया, जिनमें बड़ी संख्या असुरक्षित पाई गई। पनीर के 70 प्रतिशत से अधिक सैंपल फेल पाए गए, जिनमें पाम ऑयल और स्टार्च की मिलावट सामने आई। जयपुर और आसपास के इलाकों में मिलावटी पनीर मुख्य रूप से हरियाणा की सीमा (मेवात क्षेत्र) से जयपुर, जोधपुर और अलवर में सप्लाई हो रहा है।

Source: https://www.patrika.com/jaipur-news/jaipur-fake-cheese-big-game-milk-and-cheese-97-percent-samples-water-detergent-urea-adulteration-20561143